खाटू वाले शीश के दानी

खाटू वाले शीश के दानी मैं तो तेरी हुई दीवानी,
श्याम सवारियां हमने अपनी तेरे नाम लिखी ज़िंदगानी,
खाटू वाले शीश के दानी मैं तो तेरी हुई दीवानी,

हारे का तू सदा सहारा मुझको तेरा सहरा है,
तेरे जैसा और न दूजा तू तो सबसे प्यारा है,
तुझसा भी नहीं लाशानि देख हुई सबको हैरानी,
श्याम सवारियां हमने अपनी तेरे नाम लिखी ज़िंदगानी,
खाटू वाले शीश के दानी मैं तो तेरी हुई दीवानी,

तीन बाण के धरी कहता तुझको सभी ज़माना है,
चक्र खा गए चक्र धरी बाण का देख निशाना है,
जिस पल बाण चला तूफ़ानी तेरी शक्ति कृष्ण ने मानी
श्याम सवारियां हमने अपनी तेरे नाम लिखी ज़िंदगानी,
खाटू वाले शीश के दानी मैं तो तेरी हुई दीवानी,

शीश काट के दान में दियो तुझसे बड़ा ना दानी है,
दानवीर कहलाये जग में कहते ज्ञानी धानी है,
तेरी लीला जिसने जानी हुआ ख़ुशी से पानी पानी,
श्याम सवारियां हमने अपनी तेरे नाम लिखी ज़िंदगानी,
खाटू वाले शीश के दानी मैं तो तेरी हुई दीवानी,

तेरी सूरत पे ये बारी बार बार बलहारी है,
नीले वाले श्याम धानी की महिमा सबसे न्यारी है,
सबके मन की तूने जानी राजा अमर हो गई कहानी,
श्याम सवारियां हमने अपनी तेरे नाम लिखी ज़िंदगानी,
खाटू वाले शीश के दानी मैं तो तेरी हुई दीवानी,

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/4519/title/khatu-vale-shesh-ke-dani-main-to-teri-hui-diwani-shyam-sawariyan-hamne-apni-tere-naam-likhi-zindgani

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |